# उत्तराखंड : कुमाऊं विवि के नैनो साइंस सेंटर और कोरिया के संस्थान के बीच हुआ समझौता

**अनुबंध**

**8 ह्यरिसाइक्लेबल एयर मोबिलिटी मैटेरियल्स एंड प्लेटफॉर्म को लेकर समझौता किया गया है**




**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के नैनीताल स्थित कुमाऊं विश्वविद्यालय (कुविवि) के डीएसबी परिसर में रसायन विज्ञान विभाग के अंतर्गत संचालित प्रोफेसर राजेंद्र सिंह नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर और कोरिया इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (केआईएसटी) दक्षिण कोरिया के बीच करार हुआ है। इस अनुबंध के तहत ह्यरिसाइक्लेबल एयर मोबिलिटी मैटेरियल्स एंड प्लेटफॉर्मह्य को लेकर समझौता किया गया है।
द्विपक्षीय समझौते में कुविवि के रजिस्ट्रार एवं आरडीसी एवं नैनो साइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर के प्रभारी प्रो. एनजी साहू और कन्वर्जेंस रिसर्च सेंटर फॉर रिसाइक्लेबल एयर मोबिलिटी, मैटेरियल्स और केआईएसटी के प्लेटफॉर्म की ओर से महानिदेशक डॉ. योंग चाए जंग ने हस्ताक्षर किए हैं।
प्रो. एनजी साहू ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों और प्लेटफार्म पर ध्यान देने के साथ ही नैनो साइंस और नैनो टेक्नोलॉजी में नवीन समाधान तलाशने के लिए दोनों संस्थानों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान प्रयास किया जाना तथा केआईएसटी और कुमाऊं विवि के बीच विद्वानों, शोधकताओं और छात्रों के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना, अंतर-सांस्कृतिक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देना और विशेषज्ञता साझा करने को प्रोत्साहित करना हैं।
इस समझौते पर केआईएसटी के डॉ. वाईसी जंग ने कहा कि कुमाऊं विवि के साथ सहयोग तथा अनुसंधान और अकादमिक साझेदारी के लिए नए रास्ते खुले हैं। कुविवि के कुलपति प्रो. डीएस रावत ने कहा कि यह करार अकादमिक प्रतिभा को बढ़ावा देने, सास्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच अनुसंधान गठबंधन स्थापित करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।
इस समझौते पर कुलसचिव दिनेश चंद्रा, उप कुलसिचव दुर्गेश डिमरी, आईक्यूएसी निदेशक प्रो. संतोष कुमार, विज्ञान संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडे, उप निदेशक डॉ. मोहन लाल, डॉ. महेश आर्य, डॉ. दीपक कुमार आर्य आदि ने इस समझौते पर खुशी व्यक्त की है।

# लेट्रल एंट्री से चयनित अधिकारियों ने किया हरिद्वार का भ्रमण

**बैठक**

**8 अधिकारियों की टीम डामकोठी पहुंची, जहां जिलाधिकारी धीराज सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय लोक प्रशासन संस्थान नई दिल्ली ने लेट्रल एंट्री के माध्यम से चयनित अधिकारियों ने गुरुवार को आकांक्षी जनपद की दृष्टि से हरिद्वार का भ्रमण किया।
भ्रमण के क्रम में अधिकारियों की टीम डामकोठी पहुंची, जहां जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने जनपद हरिद्वार की भौगोलिक स्थिति, यहां के धार्मिक स्थल, जनसंख्या, कानून एवं व्यवस्था, आकांक्षी जनपद की दृष्टि से शिक्षा का स्तर, स्वास्थ्य की सुविधायें आदि विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए इस सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया।
लेट्रल एंट्री के माध्यम से चयनित अधिकारियों का डामकोठी पहुंचने पर पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इसके पश्चात अधिकारियों की टीम ने आकांक्षी ब्लाक बहादराबाद के ग्राम पंचायत अत्मलपुर बौंगला क्षेत्र का भी भ्रमण किया।
इस अवसर पर अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ अधिकारियों में संयुक्त सचिव राजीव सक्सेना, सुजीत कुमार वाजपेयी, दिनेश दयानन्द जगडेले, सुमन प्रसाद सिंह, भूषण कुमार, बाल सुब्रमण्यम कृष्णमूर्ति, मनीष चड्ढा, निदेशक गोविन्द के. बन्सल, शिव मोहन दीक्षित, गौरव सिंह, सागर रामेश राव कादू, हर्ष भौमिक, प्रभू नारायण, मातेश्वरी प्रसाद मिश्रा, हेमन्ती भट्टाचार्या, मन्दाकिनी बलौदी, संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की दिवेश शाशनी, पीडी केएन तिवारी, सिटी मजिस्ट्रेट रविन्द्र जुवांठा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सोशल मीडिया के बारे में पुलिसकर्मियों को जारी की गई एडवायजरी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे ने गुरुवार को सोशल मीडिया के संदर्भ में पुलिस कार्मिकों के लिए एडवायजरी जारी की है।
पुलिस महानिरीक्षक नीलेश ने इस एडवायजरी में कहा है कि पुलिस कर्मियों को चाक चौबंद रहना चाहिए, जिससे उत्तराखंड सरकारी कर्मचारी नियमावली का उल्लंघन न हो। इस संदर्भ में विभाग की ओर से 41 बिन्दुओं पर यह एडवायजरी जारी की है। इसमें प्रमुख रूप से पुलिस कर्मचारियों के कामकाज से जुड़ी व्यवस्थाएं शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि ऐसी वीडियो रील्स आदि जिससे पुलिस की छवि धूमिल हो, लोड न करें। इसी तरह कार्यालय इत्यादि के निरीक्षण संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड न करें।
इस संदर्भ में सभी 41 बिन्दुओं पर पुलिस कर्मियों से कहा गया है कि वह आनलाइन वोटिंग पर प्रतिभाग न करें और ऐसा काम करें जो मानवीय गरिमा व विधिक उपबंधों के अनुकूल हो जिससे पुलिस की छवि सुधरेगी साथ ही साथ समाज को भी उसका लाभ मिलेगा।

### सरकार बदले की भावना से काम कर रही है : यशपाल आर्य

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया है कि रजनी भंडारी के मुद्दे पर सरकार बदले की भावना से काम कर रही है।
गुरुवार को एक बयान में नेता प्रतिपक्ष यशपाल ने कहा कि जिन 2012-13 के आरोपों के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी को पद से हटाया गया था, उस पर पूर्व में दो बार चमोली जिलाधिकारी द्वारा की गई जांच में कोई भी वित्तीय अनियमितता नहीं पाई गई। यह बदले की भावना, हाई कोर्ट में पराजित हो गई,लेकिन अब पुनः सरकार ने चमोली जिला पंचायत निर्वाचित अध्यक्ष रजनी भंडारी को राजनीतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर अनियमिताओं का आरोप लगाकर अध्यक्ष पद से हटा दिया है।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अपनी सरकार के इस निर्णय पर फिर से विचार करना चाहिए। ोकतंत्र को नष्ट करने की भाजपा की इस द्वेषपूर्ण कार्रवाई में मजबूती से उनके साथ रहेगा।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे 27 वे नेशनल यूथ फेस्टिवल का उद्घाटन

**देहरादून।** 27 वे राष्ट्रीय युवा महोत्सव के आयोजन के लिए सांस्कृतिक समृद्धि और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध शहर नासिक तैयार हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा १२ जनवरी को पाँच दिवसीय नेशनल यूथ फेस्टिवल का उद्घाटन तपोवन ग्राउंड में किया जाएगा। युवा मामले, भारत सरकार, खेल मंत्रालय, नेहरू युवा केंद्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सहयोग से आयोजित 27 वे नेशनल यूथ फेस्टिवल 12 जनवरी से 16 जनवरी 2024 तक नासिक शहर में अलग अलग स्थानो पर किया जाएगा। नेशनल यूथ फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों से आनेवाले सभी युवा शक्ति को एक साथ लेकर चलने और सांस्कृतिक विविधता, कौशल विकास और सामूहिकता को एक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।
१२ जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर 27 वे राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सहित राज्य के अन्य गणमान्य व्यक्ति समारोह में उपस्थित रहेंगे। युवा देश की संपत्ति है। देश के प्रतिभाशाली युवा यहाँ आकर अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को अभिव्यक्ति के लिए राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा रहा है। यह मंच उनकी प्रतिभा को निखारने में सहायक होगा। इस आयोजन में महाराष्ट्र यूथ एक्सपो, मिलेट्स फेस्टिवल, लोक संगीत, पोस्टर मेकिंग, स्टोरी राइटिंग, सोलो डांस, ग्रुप डांस अन्य कई तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से देश की एकता में अनेकता ,कला और संस्कृति का दर्शन यहाँ देखने को मिलेगा। पाक कला, क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा।
राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन १२ जनवरी से १६ जनवरी तक नाशिक में किया जा रहा है। लगभग पंद्रह वर्षों के बाद यह अवसर महाराष्ट्र को मिला है।

### भारत आने के नाम पर सीआरपीएफ जवान से ठगे 49 हजार

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में तैनात एक जवान से उसकी सोशल मीडिया पर बनी महिला मित्र ने भारत आने की बात कहकर मिलने का झांसा दिया और फिर इसके बाद हवाई अड्डे पर कस्टम चेकिंग में रोके जाने का हवाला देकर 49 हजार रुपये ऐंठ लिए।
सीआरपीएफ जवान ने आरोपित महिला के खिलाफ काठगोदाम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।
सीआरपीएफ कैंप काठगोदाम में तैनात जवान महेंद्र कापड़ी ने पुलिस को बताया कि फेसबुक और व्हाट्सएप के जरिए उनकी एक महिला से बातचीत हो रही थी।

# विधानसभा अध्यक्ष खंडूड़ी ने बौखनाग के थाना भाटिया में टेका माथा

**भव्य स्वागत**

**8 भाटिया गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष का परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया।**



**उत्तरकाशी /टीम एक्शन इंडिया**
सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में बौखनाग के आशीर्वाद से सकुशल निकले श्रमिकों के बाद बाबा बालक के आशीर्वाद लेने लोग दूर-दूर से आने लग गए हैं। गुरुवार को नौगांव में आयोजित विकास मेले में शिरकत करने पहुंची उत्तराखंड की विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने मेले से पहले नौगांव ब्लॉक के भाटिया गांव पहुंचकर बौखनाग देवता मंदिर में दर्शन करने के साथ पूजा-अर्चना की और बाबा बौखनाग से देश व प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने चेडू देवता मंदिर का सौंदर्यीकरण एवं चारदीवारी का निर्माण, बाबा बौखनाग मंदिर की चारदीवारी का विस्तारीकरण की ग्रामीणों की मांग पर अपने स्तर से कार्रवाई करने और इन मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का भी भरोसा दिलाया।
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बाबा बौखनाग के प्रति स्थानीय लोगों के अटूट विश्वास और असीम आस्था को देश-दुनिया ने सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान देखा और महसूस किया है। उन्होंने कहा कि आस्था के इस केन्द्र को विकसित करने के लिए वह अपने स्तर से हर संभव प्रयास करेंगी।
भाटिया गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष का परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया। उनकी आगवानी को जुटी महिलाओं ने पारंपरिक लोकनृत्य भी प्रस्तुत किये। विधानसभा अध्यक्ष ने भी स्थानीय महिलाओं के साथ तांदी नृत्य किया।
इस मौके पर उन्होंने महिलाओं से हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि महिलाएं आज के दौर में राजनीति, शिक्षा, देश सेवा सहित समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी मुख्य भूमिका निभा रही है।
गौरतलब है कि 12 नवम्बर को सिलक्यारा निमार्णाधीन टनल में जब अमेरिकान ऑगर मशीन ने भी जवाब देने लगी थी, तब आस्था और विज्ञान के चमत्कार ने 17 दिनों के बाद सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाला था। बाबा बौखनाग के भविष्यवाणी सही साबित हुई थी। इस चमत्कार को पूरा देश सहित अंतरराष्ट्रीय टनल एक्सपर्ट ऑस्ट्रेलिया के अर्नोल्ड डिक्स ने भी माना है।

# तमंचे के साथ आरोपित गिरफ्तार

**गिरफ्तार**

**8 पुलिस ने अवैध तमंचा 312 बोर व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।**




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
स्थानीय कोतवाली पुलिस ने एक अवैध तमंचा 312 बोर व एक जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।
कोतवाली पुलिस ने अमितग्राम गुमानीवाला श्यामपुर से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा 312 बोर व एक जिंदा कारतूस 312 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। उसका नाम प्रवीण बालियान पुत्र महिपाल सिंह निवासी गली नंबर 2 अखिलेश्वर कॉलोनी भट्टोंवाला श्यामपुर ऋषिकेश मूल निवासी 1109 इ साउथ सिविल लाइन मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताया गया है।

## कौतिक में बच्चों के बीच हुई प्रतियोगिता

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में गुरुवार को बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। सुबह बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें स्कूली बच्चों और विभिन्न अकादमियों ने प्रतिभाग किया।
ठंड के बीच भी कौतिक में लोगों ने जमकर खरीदारी की। पहाड़ी उत्पादों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र हैं।
यहां पहाड़ी व्यंजन, दालें, अचार, ऊनी कपड़े समेत अन्य पहाड़ी उत्पाद उपलब्ध हैं। मंच अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने बताया कि स्टार नाइट में गायक राकेश पनेरू, आशा नेगी व आनंद कोरंगा अपनी प्रस्तुति देगी।

# गौचर-रानो-सिमखोली मोटर मार्ग निर्माण में हो रहे विलंब को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी खंड के में गुरुवार को सिमखोली गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए बनायी जा रही गौचर-रानो-सिमखोली मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू न होने पर ग्रामीणों ने गुरुवार को लोनिवि पोखरी के कार्यालय सम्मुख प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान विनोद नेगी, जसपाल सिंह रावत, सुनील सिंह, भरत सिंह ने आक्रोश जताते हुए कहा कि लोनिवि जान बूझकर गौचर-रानो-सिमखोली मोटर मार्ग के निर्माण कार्य में देरी कर रहा है। एक वर्ष ग्रामीणों ने विधायक राजेंद्र भंडारी के साथ एक पत्र भी दिया था। लेकिन अभी तक प्राथमिक सर्वे के आगे की कार्रवाई नहीं बढ़ पायी है। उन्होंने कहा कि यह मोटर मार्ग पोखरी क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवों का सम्पर्क मार्ग है, लेकिन विभाग की सुस्त चाल से यह कार्य आगे नहीं बड़ पा रहा है।
उन्होंने चेतावनी दी है कि जल्दी इस सड़क मार्ग के निमार्ण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो विभाग के खिलाफ आन्दोलन किया जायेगा। इस मौके पर इस दौरान जसपाल सिंह रावत, सुनील सिंह, भरत सिंह खत्री, जगदीश सिंह रावत, ईश्वर सिंह नेगी, ग्राम प्रधान काण्डई खोला विनोद नेगी, भानु प्रकाश नेगी, नवीन सिंह नेगी, रमेश सिंह नेगी आदि मौजूद थे।
इधर, अधिशासी अभियंता लोनिवि पोखरी संजय सिन्हा का कहना है कि इस मार्ग के लिए एलाईमेंट बनाया जा रहा है। इसके बाद वन विभाग की एनओसी मिलने पर आगे का कार्य किया जायेगा।
गौरतलब है कि गौचर-रानो-सिमखोली मोटर मार्ग क्वीठी गावं के समीप तक 10 किलोमीटर निर्मित हो चुका है। मार्ग सिमखोली गांव के पास चोरखिण्डा बैण्ड तक प्रस्तावित है जिस पर शासनादेश भी हो चुका है। इस मोटर मार्ग को अब सिमखाली चोरखिण्डा बैंड तक मिलने में सिर्फ पांच किलोमीटर की दूरी रह गई है, लेकिन पूर्व में वन विभाग ने इस पर आपत्ति लगा दी थी तब से यह मोटर मार्ग सिमखोली बैण्ड नहीं मिल पाया है।

# राह चलते लोगों ने छीन लेते थे मोबाइल,दो झपटमार गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राह चलते लोगों से झपट्टा मारकर मोबाइल लेकर भागने वाले दो मोबाइल चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से छीना गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।
लक्सर कोतवाली क्षेत्र निवासी राह चलते युवती का दो बाइक सवारों मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। इस सबंध में पीड़िता के पिता सतीश कुमार सैनी ने 5 जनवरी को तहरीर देकर दो अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चैक किए। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से छीना गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है।
पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम शुभम पुत्र विनोद व अवनीश पुत्र विनोद निवासीगण ग्राम नैतवाला सैदाबाद कोतावली लक्सर जनपद हरिद्वार बताए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# मैं बुआ और मुख्यमंत्री मामा के रूप में बच्चों के साथ खड़े हैं: रेखा आर्या



**देहरादून /टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड सरकार ने कोविड महामारी से प्रभावित ऐसे बच्चों की सहायता करने के लिये मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना शुभारंभ की गयी है, जिनके माता पिता की मृत्यु कोविड महामारी के कारण हुई है।इस बारे में मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मैं बुआ और मुख्यमंत्री मामा के रूप में बच्चों के साथ खड़े हैं। उन्होंने बताया कि वात्सल्य योजना के अंतर्गत राज्य के उन सभी परिवारों को सुरक्षा प्रदान की जाएगी, जिनके परिवार के सदस्य की मृत्यु कोरोना महामारी के कारण हुई है।
कोविड-19 के समय में अपने माता-पिता को खोने वाले बच्चों के लिए उत्तराखंड सरकार के द्वारा यह सराहनीय कदम उठाया गया है। योजना के अंतर्गत ऐसे निराश्रित और असहाय बच्चों के लिए मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना शुरू की गयी जिसमे निराश्रित बच्चों के साथ-साथ उन परिवारों को भी आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है।
मंत्री आर्या ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लाभार्थियों को माह अक्टूबर, 2023 तक की किश्तों का भुगतान किया जा चुका है।अब मुख्यमंत्री वात्सल्य योजनान्तर्गत लाभार्थियों को तीन हजार प्रतिमाह की दर से पीएफएमएस के माध्यम से माह नवम्बर, 2023 में 6062 लाभार्थी एवं दिसम्बर, 2023 में 6041 लाभार्थियों को कुल रु. 363.09 लाख की धनराशि भेजी गई है।उन्होंने बताया कि सरकार हर गरीब व्यक्ति के साथ खड़ी है।कोविड में असहाय हो चुके लोगों व बच्चों के लिए मुख्यमंत्री धामी ने वात्सल्य योजना शुरू की थी, जिसका आज हर जरूरतमंद व्यक्ति लाभ ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के साथ हर समय खड़ी है, उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। आज प्रदेश प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# दुकान का ताला तोड़कर की थी चोरी, गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने के तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों पास से चोरी का सामान बरामद करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।जनपद के भगवानपुर थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी सुशील कुमार ने बीते रोज अपनी दुकान का ताला तोड़कर चोरी होने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुखबिर की मदद से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपितों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम
राका उर्फ साका पुत्र रमेश निवासी ग्राम दौड़बसी थाना भगवानपुर, सद्दाम पुत्र इरफान निवासी ग्राम रायपुर थाना भगवानपुर व शमशेर पुत्र हमीद निवासी खेलपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताए हैं।

